हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 4 जुलाई 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



12 साय सरकार किसान हितैषी होने का सिर्फ ढोंग कर रही





13 खाद-बीज की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने दिया धरना




## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 154 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**धमतरी।** जिले में एक जून से अब तक 154.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में अब तक सर्वाधिक औसत वर्षा 233.9 मि.मी. नगरी तहसील और सबसे कम 73.1 मि.मी. औसत वर्षा मगरलोड तहसील में दर्ज की गई है। इसी तरह धमतरी तहसील में 196.2 मि.मी., कुकरेल तहसील में 178 मि.मी., बेलरगांव तहसील में 178 मि.मी., भखारा तहसील में 132 मि.मी. और कुरूद तहसील में 92.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले में आज की औसत वर्षा 22.5 मि.मी. दर्ज की गई है। इसमें धमतरी तहसील में 20.3 मि.मी., कुरूद तहसील में 7.7 मि.मी., मगरलोड में 3.5 मि.मी., नगरी में 47.2 मि.मी., भखारा में 0.0 मि.मी., कुकरेल तहसील में 53 मि.मी. और बेलरगांव तहसील में 25.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### ब्लॉक कांग्रेस का आज धरना-प्रदर्शन

**धमतरी।** रासायनिक खाद एवं बीज की समस्या को लेकर कांग्रेस का जिलेभर में सहकारी समितियों के समक्ष धरना प्रदर्शन जारी है। इसी क्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमतरी ग्रामीण द्वारा 4 जुलाई को प्रातः 11 बजे से प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति देमार के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रभारी पूर्व विधायक सिहावा डॉ. लक्ष्मी ध्रुव एवं ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू, प्रभारी महामंत्री युवराज शर्मा ने पार्टी के सभी प्रकोष्ठ एवं किसानों से उपस्थिति की अपील की है।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 को

**धमतरी।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 जुलाई मंगलवार को दोपहर 2 बजे से कर्मचारी भवन (तहसील कार्यालय के पास) धमतरी में आयोजित है। बैठक में नये सदस्यों का स्वागत, संघ के सदस्यों का जन्मदिन एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जायेगी। संघ के सदस्यों से उपस्थिति की अपील कृपाशंकर मिश्रा, राजेन्द्र चन्द्राकर, राजकुमार मिश्रा, कृष्णाराम साहू, होलाराम परिहा, यशकरण सिंह गजेन्द्र, गणेशराव पवार, बलवंत राव पवार, लालाराम मगेन्द्र, डॉ. भारती राव, एसआर नेले एवं हनुमान सिंह वर्मा ने की है। यह जानकारी सचिव अरूण कुमार गौर ने दी है।

### आईटीआई कुरूद में 11 को कैंपस इंटरव्यू

**धमतरी।** गवर्नमेंट आईटीआई कुरूद में 11 जुलाई शुक्रवार प्रातः 11 बजे सोलर सेक्टर में प्लेसमेंट कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया गया है जिसमें ट्रेड इलेक्ट्रीशियन पास आउट व अंतिम वर्ष में प्रशिक्षणरत कैंडिडेट सम्मिलित हो सकते हैं।

## कई जर्जर स्कूल भवनों को मरम्मत का इंतजार

# खंडहर हो गए थे 60 स्कूल भवन, 20 साल बाद ढहाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सालों इंतजार के बाद अति जर्जर स्कूल भवनों को डिस्मेंटल करने की स्वीकृति मिली है। कुल 60 स्कूलों को डिस्मेंटल किया जा रहा है। वहीं 351 जर्जर स्कूलों की मरम्मत के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। इस प्रस्ताव को अभी तक स्वीकृति नहीं मिली है।

जिले के कई स्कूल भवन काफी पुराने हो गए थे। इसमें से कई तो खपरैल वाले भवन थे। वहीं कई कांक्रीट छत वाले स्कूल भवन भी समय से पहले काफी जर्जर हो गए थे। किसी की छत टपकती थी तो किसी दीवारों पर सीलन आती थी। स्थिति को देखते हुए इन स्कूल भवन में क्लास लगाना बंद कर दिया गया था। इनके स्थान पर अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कर स्कूल का संचालन किया जा रहा है। इसके बाद भी ये अतिजर्जर भवन मौत बनकर स्कूल परिसर में खड़े थे। खेलकूद के दौरान कई बार बच्चे इन भवनों के अंदर चले जाते थे। यही नहीं खाली पड़े रहने के कारण इन भवनों में जहरीले जीव जंतुओं का खतरा बना रहता था। लंबे समय से इन भवनों का डिस्मेंटल करने की मांग की जा रही थी। दो बार तो आरईएस के इंजीनियरों द्वारा इन स्कूलों का निरीक्षण कर भवनों को तोड़ने की सिफारिश भी की जा चुकी थी। अब जाकर इन भवनों को ढहाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जिले के 60 जर्जर स्कूल भवनों को डिस्मेंटल करने की स्वीकृति मिली है जिसमें से अधिकांश भवनों को ढहाया भी चुका है।

### इसलिए पेंडिंग थी तोड़फोड़

शिक्षा विभाग से स्कूल भवन निर्माण के लिए तो फंड जारी होता है लेकिन जर्जर भवनों को ढहाने के लिए किसी प्रकार के फंड का प्रावधान नहीं है। इसी कारण इन स्कूल भवनों को तोड़ने का काम अधर में लटका हुआ था। स्वीकृति के बाद राजस्व विभाग की देखरेख में इन भवनों को ढहाया गया। कुछ धनराशि इन भवनों के डिस्मेंटल होने के बाद मलबों से जुगाड़ की गई लेकिन मलबा बेचकर तोड़फोड़ की पूरी लागत वसूल नहीं हुई।





### जर्जर भवनों में लग रहीं कक्षाएं

जर्जर भवनों को ढहाने के बाद भी कई स्कूल भवन बचे हैं, जिनकी स्थिति खराब है। इन भवनों में क्लास लगाना खतरे से खाली नहीं है। शिक्षा विभाग ने 351 स्कूल भवनों को जर्जर चिन्हांकित किया है। इन भवनों की मरम्मत के लिए शिक्षा विभाग ने संचालनालय को प्रस्ताव भेजा है। पहले 246 स्कूलों की मरम्मत का प्रस्ताव भेजा गया था। अब 105 स्कूलों का प्रस्ताव भेजा गया है। अब तक इन स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए स्वीकृति नहीं मिली है। अब तो इन्हीं जर्जर भवनों में कक्षाएं लगाई जा रही है।

### सुरक्षा के लिहाज से डिस्मेंटल

अति जर्जर भवनों को सुरक्षा की दृष्टि से डिस्मेंटल किया गया है। डिस्मेंटल होने के बाद स्कूलों में खाली जगह बचेगी। जरूरत पड़ने पर इन जगहों पर अतिरिक्त कक्ष बनाए जा सकेंगे। जहां पर जरूरत नहीं होगी, वहां पर बच्चों के लिए कई प्रकार की सुविधाओं के लिए प्लानिंग की जा सकती है।

- टीआर जगदल्ले, *जिला शिक्षाधिकारी धमतरी*

# प्राचार्यों पर फूटा बोर्ड परीक्षा के घटिया रिजल्ट का ठीकरा

- प्राचार्य गिना रहे हैं धरातली समस्या
- कार्रवाई के खिलाफ प्राचार्य मंच करेगा धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शासकीय स्कूलों में अपेक्षित परिणाम नहीं आने पर संस्था प्रमुख के सिर ठीकरा फोड़े जाने पर प्राचार्य मंच ने अब अपनी समस्या गिनाई है। धरातली समस्या के निदान के लिए 10 बिन्दुओं का ज्ञापन जिलाधीश के नाम सौंपा।

प्राचार्य मंच के जिलाध्यक्ष टीआर नागवंशी, सचिव गेवाराम सहित स्कूल संस्था प्रमुखों ने कहा है कि विगत वर्षों से मिशन अव्वल नामक कार्यक्रम बोर्ड परीक्षा का परिणाम सुधारने के लिए चलाया जा रहा है। इससे परीक्षा तथा आनलाइन प्रविष्टि में अनावश्यक समय नष्ट होता है। मासिक टेस्ट लेने के पूर्व तैयारी परीक्षा मॉक टेस्ट से अनावश्यक समय नष्ट होता है। विनोबा एप की प्रविष्टि एवं अन्य जानकारी एप में एंट्री करने से अध्यापन कार्य प्रभावित होता है। शिक्षा विभाग के अलावा अन्य विभागों का कार्यक्रम होता है। इसे विद्यालयों में अनिवार्य रूप से मनाया जाता है। इस पर दबाव डालकर कार्य कराने से शिक्षा व्यवस्था चरमरा जाती है। मादक पदार्थ का प्रभाव छात्रों तक पहुंच रहा है, जिस पर रोकथाम की आवश्यकता है। शिक्षक संवर्ग को अध्ययन-अध्यापन का ज्यादातर माहौल प्रदान किया जाये। प्राचार्य, संस्था प्रमुख, शिक्षकों के ऊपर किसी प्रकार की कार्रवाई करने से पूर्व समुचित रूप से उनका पक्ष सुना जाना चाहिए। प्राचार्य एवं प्रभारी प्राचार्य संवर्ग 2 से लेकर 4 कालखंड का अध्यापन कराते हैं। इसके अलावा संकुल की गतिविधियां, स्कूल की मानिटरिंग, बैठक, विभागीय दायित्व से पढ़ाई कार्य प्रभावित होता है। शिक्षा विभाग के लिपिक को अन्य विभाग के कार्यों में संलग्न करने से लिपिकीय कार्य प्राचार्य सहित शिक्षकों को करना पड़ता है। शिक्षा के क्षेत्र में नित नये प्रयोग एवं गैर शिक्षकीय कार्यों की अधिकता से परीक्षा परिणाम अनुकूल नहीं आ रहा है।

प्राचार्य मंच ने कहा है कि आशानुरूप परीक्षा परिणाम नहीं आने वाले संस्था प्रमुखों पर प्रस्तावित अनुशासनात्मक कार्रवाई को स्थगित करने की मांग करते हुए कहा है कि समय सीमा में उनकी मांगों का निराकरण नहीं होने एवं संस्था प्रमुखों पर कार्रवाई किये जाने पर मंच धरना प्रदर्शन, सामूहिक पदभार दायित्व से मुक्त होने के लिए बाध्य होगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन एवं जिला शिक्षा विभाग की होगी।

# केंद्र के समान महंगाई भत्ता मांगा



- राज्य कर्मचारी संघ ने सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राज्य कर्मचारी संघ छग ने कर्मचारी हितैषी मांगों को पूरा करने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को पत्र सौंपा है। संघ के जिलाध्यक्ष डीएन साहू, सचिव एचएल पनिका सहित कलेक्टोरेट पहुंचे सदस्यों ने कहा है कि राष्ट्रीय कर्मचारी परिसंघ द्वारा 17 जून 2025 को लिए गए निर्णय तथा महासंघ के आह्वान पर देशव्यापी आंदोलन के तहत संघ ने गुरुवार को ज्ञापन सौंपा। केंद्र के समान माह जनवरी 2025 से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता, एरियर राशि सहित दिया जाए। मध्यप्रदेश की भांति महिला कर्मचारियों को वर्ष में सात दिवस का विशेष आकस्मिक अवकाश, प्रदेश के कर्मचारियों के न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रशासनिक न्यायाधिकरण की स्थापना, कर्मचारी अधिकारियों एवं पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिलाने की मांग की है।

# शिक्षा सेवा प्रदाताओं ने पुनः मांगा सेवा का अवसर



- सत्र 2023-24 से स्कूलों में दे रहे शिक्षा की सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शिक्षा सेवा प्रदाताओं ने इस सत्र में पुनः सेवा का अवसर प्रदान करने की मांग कलेक्टर से की है।

जिले के ग्राम सरगी, गणेशपुर, पहंदा, नवागांव-सांकरा, मारागांव आदि गांव के हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूलों में शिक्षा का सेवा दे रहे सुमन, छबि, हेमेन्द्र, शीतल साहू, राजेन्द्र कुमार, मिलेश कुमार ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि शिक्षा सेवा प्रदाता की नियुक्ति सितम्बर माह 2023 में जिले के धमतरी, कुरूद, मगरलोड, नगरी विकासखंड में की गई थी। जिसकी सेवा अवधि अगस्त 2023 से अप्रैल 2024 तक थी, जिसे शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए रखे जाने की अनुशंसा 26 जुलाई 2024 को की गई थी। इस अवधि पर शिक्षा सेवा प्रदाताओं ने तनम्यता के साथ सेवा प्रदान की। शिक्षा सेवा प्रदाताओं ने शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए पुनः सेवा प्रदान करने का अवसर देने की मांग की है।

## बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

**धमतरी।** जनपद पंचायत सभाकक्ष में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मतदाता सूची के अद्यतन कार्य को प्रभावी ढंग से संपादित करना और पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में सम्मिलित करने की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्वाचन संबंधित दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई, जिसमें नए मतदाताओं का पंजीयन, मृत, दोहराव या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाना तथा मतदाता विवरण में सुधार की प्रक्रिया शामिल थी। अधिकारियों को डिजिटल माध्यम से कार्य करने, ऐप एवं पोर्टल के उपयोग की भी जानकारी दी गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामकुमार कृपाल ने निर्वाचन शाखा के अधिकारियों ने बीएलओ को निर्देशित किया कि वे कार्य को पूरी गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न करें, ताकि मतदाता सूची सटीक और त्रुटिरहित बनाई जा सके।

# कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- जगतरा के पास हुआ हादसा

नेशनल हाईवे में जगतरा मंदिर के पास कार व बाइक के बीच टक्कर हो गई। घटना में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई । मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर कार क्रमांक सीजी 17 सी 3096 चारामा की ओर से नेशनल हाईवे से होते हुए धमतरी आ रहा था। इसी दौरान मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीसी 4439 में सवार होकर मनोज साहू पिता राधेश्याम निवासी चारामा की तरफ जा रहा था। इसी दौरान जगतरा मंदिर के पास कार व बाइक में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। घटना में बाइक चालक उछलकर सड़क किनारे गिर गया। हादसे में गंभीर चोट लगने से बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई। वहीं कार व बाइक क्षतिग्रस्त हो गई है। सूचना पर पुरूर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मृतक को गुरुर अस्पताल भेज दिया। कार में सवार चार युवक को धमतरी का बताया जा रहा है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# छात्रावासों में एडमिशन के लिए मची होड़



- एडमिशन के लिए उपलब्ध सीट से ज्यादा आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छात्रावासों में एडमिशन के लिए छात्रों की होड़ लगी हुई है। अनुसूचित जाति के कुछ छात्रावासों को छोड़ दें तो अधिकांश छात्रावासों में एडमिशन के लिए उपलब्ध सीट से ज्यादा आवेदन मिले हैं। अब छात्रावासों में एडमिशन की प्रक्रिया अंतिम चरण पर है।

स्कूल, कॉलेजों में एडमिशन का दौर चल रहा है। इसके साथ ही छात्रावासों में एडमिशन की प्रक्रिया भी चल रही है। दूरस्थ क्षेत्र में रहने वाले छात्र इन्हीं छात्रावासों में रहकर शैक्षणिक संस्थाओं में पढ़ाई करते हैं। विडंबना यह है कि छात्रों को जितनी जरूरत है, छात्रावासों में उतनी सीट नहीं है, जिसके चलते इन छात्रावासों में सीट से ज्यादा आवेदन आते हैं। इस साल भी यही स्थिति है। अधिकांश छात्रावासों में ज्यादा आवेदन आए हैं। छात्रावासों में क्षमता से ज्यादा छात्रों को रखने की तैयारी चल रही है। इसके लिए उच्चाधिकारियों से अनुमति की जरूरत पड़ती है। जानकारी के अनुसार 15-20 जुलाई तक एडमिशन कम्पलीट हो जाएगा। इसके बाद क्षमता से ज्यादा छात्रों को रखने के लिए प्रस्ताव बनाकर आदिम जाति कल्याण विभाग के संचालनालय को भेजा जाएगा।

## स्वच्छ भारत मिशन का गांवों में बुरा हाल, लोग खुले में जा रहे शौच

# मॉनिटरिंग नहीं, फिर से गांवों में पसरने लगी गंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गांवों में न तो बाहर शौच करने वालों की मॉनिटरिंग हो रही है और न ही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन। इससे एक बार फिर गांवों में गंदगी फैलने लगी है। वहीं कई घरों में तो शौचालय नहीं है। कुछ घरों के शौचालय जर्जर हो गए हैं। ऐसे में कई लोगों को मजबूरी में बाहर शौच के लिए जाना पड़ता है।



गांवों में खुले में शौच जाने की प्रवृत्ति है, जिसके चलते गांवों में गंदगी का आलम रहता था। इससे हमेशा बीमारी फैलने का डर बना रहता था। केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत लोगों की प्रवृत्ति को बदला गया। यह बदलाव यूं ही नहीं आया, बल्कि इसके लिए अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के साथ समाजसेवियों ने भी सालों तक खूब मेहनत की।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर शौचालय बनाए गए। खुले में शौच जाने वालों की मॉनिटरिंग की गई। जुर्माना भी वसूला गया। गांव की महिलाएं ग्रुप में सीटी लेकर घूमती थीं। जहां भी कोई खुले में शौच करता नजर आता था, वे सीटी बजाती थीं। गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए इस प्रकार की मेहनत सालों तक करनी पड़ी। तब जाकर स्थिति में सुधार आया है। स्थिति सुधरते ही अधिकारी बेफिक्र हो गए और स्वच्छता की ओर ध्यान देना ही बंद कर दिया। अब फिर से गांवों में लोग खुले में शौच जाने लगे हैं। इससे तालाब किनारे, श्मशान घाट, खेतों सहित अन्य स्थानों में गंदगी पसरने लगी है।

उल्लेखनीय है कि गांवों के कई घरों में अभी भी शौचालय नहीं है। ऐसे में वे मजबूरी में बाहर शौच जा रहे हैं। कई लोगों के घर में शौचालय होने के बाद भी वे खुले में गंदगी फैला रहे हैं। स्वच्छता की मॉनिटरिंग के लिए सरकार ने एक अलग से स्वच्छ भारत मिशन विभाग ही बनाया है। स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारी मॉनिटरिंग ढंग से नहीं कर पा रहे हैं। यही कारण है कि स्वच्छता के लिए सालों तक की गई मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। यही स्थिति रही तो फिर से गांवों में पहले जैसे गंदगी का आलम हो जाएगा।

### गांवों से गायब हुए दल

गांवों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम बनाकर मॉनिटरिंग की जा रही थी। अधिकारियों को अलग-अलग क्षेत्र की जिम्मेदारी भी सौंपी गई थी। गांव स्तर पर लोगों की टीम बनाकर उन्हें खुले में शौच जा रहे लोगों की मॉनिटरिंग का जिम्मा दिया गया था। अब ये सभी टीम मैदान से गायब हो गई है। यही नहीं स्वच्छ भारत मिशन में फंड की कमी से स्वच्छता अभियान को धक्का लगा है।

### कचरा कलेक्शन भी बंद

शहर की तर्ज पर गांवों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की शुरूआत की गई थी लेकिन इसकी भी मॉनिटरिंग ढंग से नहीं होने के कारण अधिकांश गांवों में कचरा कलेक्शन बंद है। कचरा कलेक्शन के लिए खरीदे गए लाखों रुपए के रिक्शे भी कबाड़ हो गए हैं। बताया गया है कि गांवों में लोगों से स्वच्छता शुल्क वसूली में कोताही बरती गई। कचरा कलेक्शन के लिए अलग से कोई फंड की व्यवस्था नहीं की गई थी। केवल शुल्क वसूली से मिले फंड से कचरा कलेक्शन करने वाली महिलाओं को मानदेय दिया जा रहा था। शुल्क वसूली नहीं होने से उनका मानदेय भी बंद हो गया और उन्होंने कचरा कलेक्शन भी बंद कर दिया।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप



### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**धमतरी।** अपने घर में अवैध शराब की बिक्री कर रहे युवक को भखारा पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। भखारा पुलिस को मुखबिर से ग्राम कोसमर्रा में देवराज पारधी द्वारा अपने घर में बिक्री के लिए अवैध रूप से शराब रखने की सूचना मिली। पुलिस ने तत्काल देवराज पारधी के घर में दबिश दी। तलाशी के दौरान आरोपी द्वारा बोरी में बिक्री करने के लिए अवैध शराब रखना पाया गया। पुलिस ने आरोपी के घर से 34 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 2720 रुपए जप्त की। इस मामले में भखारा थाना में आबकारी एक्ट 34/2 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी देवराज पारधी पिता शत्रुहन उम्र 24 वर्ष ग्राम कोमर्रा थाना भखारा निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### नहर पार में जुआ खेलते तीन जुआरी गिरफ्तार



**धमतरी।** नहरपार में स्थित पंप हाऊस के पास जुआ खेल रहे तीन जुआरी को अर्जुनी पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। अर्जुनी पुलिस को मुखबिर से ग्राम शंकरदाह नहर पार के पास कुछ लोगों द्वारा जुआ खेलने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल नहरपार पहुंची और नीरज जगताप के पंप हाऊस के पास आम जगह पर कुछ युवकों को ताश खेलते पाया। पुलिस ने जुआ फड़ की घेराबंदी कर ताश खेल रहे तीन जुआरी को रंगेहाथ पकड़ा। जुआरियों के कब्जे से 10,800 रुपए नगद, तीन नग मोबाइल कीमत 25 हजार व ताशपत्ती जप्त की। पुलिस ने आरोपी युवराज पटेल उम्र 28 वर्ष बनियापारा, कोमल वर्मा उम्र 25 वर्ष जालमपुर भागवत चौक व रितेश पटेल उम्र 38 वर्ष बनियापारा निवासी को धारा 3/2 जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है। वहीं आरोपी तीनों जुआरी पर पृथक से प्रतिबंधात्मक धारा 170, 126, 133/3 बीएनएस के तहत कार्रवाई कर कार्यपालिक दण्डाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया है।

## निधन

### जगतराम सेन

**धमतरी।** ग्राम सोरम (भटगांव) निवासी जगतराम सेन पिता बिसौहाराम सेन 54 साल का 30 जून को आकस्मिक निधन हो गया।



वह थानेश्वर सेन के पिता थे। वे सर्व सेन समाज जिला धमतरी के पूर्व सचिव एवं सोरम परिक्षेत्र के अध्यक्ष थे। उनके निधन पर जिलाध्यक्ष धनसिंह सेन, उपाध्यक्ष लालाराम भारद्वाज, सचिव भगवानीराम शांडिल्य, कोषाध्यक्ष रविकुमार कौशल, संरक्षक खिलावन श्रीवास, मोहित सेन, संगठन मंत्री कमलनारायण शांडिल्य, रामकुमार सेन, प्रवक्ता खेमलाल कौशिक, सहसचिव रामगोपाल सेन, प्रचार सचिव ईश्वर सेन, सलाहकार दौलत राम सेन, चन्द्रहास सेन, पूर्व परिक्षेत्रीय अध्यक्ष नेहरुराम सेन, सचिव नीरज सेन ने शोक व्यक्त किया है।

### हिमांशु साहू

**धमतरी।** ग्राम लोहरसी के हिमांशु साहू 24 वर्ष पिता संतराम साहू का



रायपुर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन पर साहू समाज एवं ग्रामवासियों में शोक की लहर दौड़ गई।

---

खाद बीज की किल्लत और कालाबाजारी को लेकर कांग्रेसियों ने बोला हल्ला

# साय सरकार किसान हितैषी होने का सिर्फ ढोंग कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मगरलोड के निर्देश कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खाद बीज की किल्लत और कालाबाजारी को लेकर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति करेली बड़ी के सामने धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने समिति में पहुंचकर हल्ला बोला और खाद की समस्या से किसानों को राहत देने समिति प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा।

जिला कांग्रेस उपाध्यक्षद्वय भरत नहर, हेमंत कुमार साहू ने कहा कि किसानों को खरीफ फसल में खाद नहीं मिलना एक गम्भीर समस्या है। कहा कि आज किसानों को खाद उर्वरक सही समय पर नहीं मिल रहा है। जबकि खरीफ फसल की तैयारी में लगे किसानों को फसल की वृद्धि के लिए बहुत खाद जरूरी है। डीएपी खाद किसानों को नहीं मिल रही है। साय सरकार किसान हितैषी का सिर्फ ढोंग कर रही है। किसानों की पीड़ा पर सरकार को तरस नहीं आ रही है। किसानों की आय को दोगुनी करने की बात कहने वाली राज्य और केंद्र सरकार को जमकर कोसा। आगे कहा कि सरकार किसानों को खाद उपलब्ध कराने में फिसड्डी साबित हो रही है। छग कृषि प्रधान राज्य है और किसान राज्य की रीढ़ है। यदि उन्हें समय पर बीज खाद नहीं मिले तो खाद्य संकट और आर्थिक असंतुलन जैसी गम्भीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने किसानों को जल्द से जल्द खाद, बीज उपलब्ध कराने की मांग की।

मौके पर सरपंच खेमलता साहू, उपसरपंच तोरण आनेश्वरी, जनपद सदस्य देवेंद्र पाल, यादराम निषाद, शेखू साहू, झुमुकलाल साहू, नेहरू साहू, तामेश्वर सोनकर, नरेश भारती, दिलीप राम, नरेंद्र कुमार, मेश्राम, परदेशी राम, नंदकुमार, ढालेश साहू, सन्तोष मांडे, हेमंत निषाद समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

ग्राम लीलर एवं मुकुंदपुर में आयोजित हुआ संतृप्तिकरण शिविर

# ग्रामीणों को मिली शासकीय योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





भारत सरकार की महती योजना धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शासन की योजनाओं एवं अधिकारों की जानकारी देने के उद्देश्य से जिले में संतृप्तिकरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में धमतरी विकासखण्ड के ग्राम लीलर और नगरी विकासखण्ड के ग्राम मुकुंदपुर संतृप्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविरों में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा ग्रामीणों को उनकी योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी सरल भाषा में दी गई। ग्रामीणों को कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास, रोजगार, पंचायत एवं जल संसाधन विभाग आदि की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही, जिन्होंने योजनाओं को समझने में गहरी रुचि दिखाई। यह आयोजन ग्रामीणों में धरती आबा योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुआ।

---

# जिले की सोसाइटियां होंगी कम्प्यूटराइज्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरूर(धमतरी)

- समिति प्रबंधक एवं ऑपरेटरों को दिया गया प्रशिक्षण



भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ की सहकारी समितियों को कम्प्यूटराइज्ड किया जायेगा। सहकारी समितियों में अब कागजों के स्थान पर कंप्यूटर के माध्यम से ऑनलाइन काम होगा। इससे समय की बचत होगी। धमतरी जिले की शाखा संबलपुर ,धमतरी, कोर्रा के समिति प्रबंधक एवं ऑपरेटर को ऑनलाइन कार्य करने के लिए कोर्रा समिति बागतराई में प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर नोडल अधिकारी बलरामपुरी गोस्वामी उपस्थित थे। प्रशिक्षक ललितदास मानिकपुरी पर्यवेक्षक, प्रभारी समिति प्रबंधक लिकेश देवांगन एवं सहायक लिपिक नरेंद्र सिन्हा थे। यह जानकारी समिति प्रबंधक नरेंद्र कुमार साहू छाती ने दी।

---

# युवा नशे में अपना भविष्य बर्बाद न करें : निर्मलकर

- आरएसएस के जिला कार्यवाह ने युवाओं में बढ़ते नशे की लत पर चिंता जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला धमतरी के जिला कार्यवाह धनेश्वर निर्मलकर ने युवाओं में बढ़ते नशे की लत पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि युवा नशे में अपना भविष्य बर्बाद न करें और नशा मुक्त रहकर एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निर्वहन करें। उन्होंने ने कहा कि एक अच्छा भारत का सपना लेकर और हमारी आने वाली पीढ़ी कभी गुलाम ना रहे। वे स्वतंत्र भारत में सांस ले ऐसा विचार लेकर हमारे महापुरुषों एवं क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की चिंता किए बिना अंग्रेजों, मुगलों से पराक्रम किया। उन्हें इस देश से भगाया लेकिन आज के युवा नशे के प्रभाव में आकर सबकुछ बर्बाद करने पर उतारू हैं।

श्री निर्मलकर ने बताया कि आज अवैध रूप से दारू, नशीली टेबलेट, गांजा, चरस, अफीम का व्यापार करने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है और ऐसे लोग पुलिस की पकड़ में आ रहे हैं। नशा के कारण अपराध भी बढ़ रहा है । फलस्वरूप चाकूबाजी , चोरी, लूट की वारदात लगातार हो रही है। युवाओं को देश का भविष्य कहा जाता है लेकिन ऐसे युवा कम समय में अधिक पैसा कमाने के चक्कर में नशा का गोरखधंधा चला रहे हैं। नशा करने वाले और नशा का अवैध व्यापार करने वाले लोगों से कहा कि वह किसी भी तरह के नशे एवं नशे के अवैध कारोबार को छोड़कर वैध काम की ओर ध्यान दें और एक कर्तव्यनिष्ठ नागरिक की भूमिका निभायें ताकि हमारा समाज एवं देश ऊंचा उठ सके।

उन्होंने सभी समाज के प्रमुख जनों से निवेदन किया कि वे सभी अपने-अपने समाज में नशा मुक्ति का अभियान चलाएं और नशा को जड़ से खत्म करने के लिए संकल्प लें।

---

# बारिश पूर्व सिलघट इंटेक वेल को किया दुरूस्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

नगर पंचायत भखारा भठेली के जागरूक जनप्रतिनिधियों ने कर्मचारियों के साथ शहरी क्षेत्र में पानी सप्लाई की लाइफलाइन सिलघट में इस बार चाक चौबंद व्यवस्था स्थापित की। बारिश के समय एवं पश्चात नाले का पानी स्टोर होने या रुकने की बजाय बह जाता था क्योंकि बरसों से गेट लीकेज सुधार नहीं हुआ था। जनप्रतिनिधियों ने इसे गंभीरता से लेते हुए सिलघट इंटेक वेल के रखरखाव को दुरूस्त करवाया। इससे पानी की सरलता पूर्वक आपूर्ति होते रहेगी। नगर पंचायत ने पूर्व में भी गर्मी में भी पानी की कमी महसूस नहीं होने दिया। पेयजल आपूर्ति संबंधी हर समस्या का समाधान त्वरित किया। इसके लिए नागरिकों ने क्षेत्रीय विधायक, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण एवं विधायक प्रतिनिधि के प्रति आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष ने सबसे अपील की कि जल संकट को दूर करने के लिए हमें पानी का संरक्षण करना होगा। वर्षा जल का संचयन करना होगा और जल उपचार प्रणालियों में निवेश करना होगा। इसके अलावा हमें सिंचाई तकनीकों में सुधार करना होगा और जल प्रदूषण को कम करना होगा। भविष्य के संकट को दूर करने के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे।

---

# माध्यमिक शाला आमदी में बाल कैबिनेट का गठन

## प्रधानमंत्री रेशमा व उप प्रधानमंत्री थानसिंह चुने गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)



शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला तुमाबैगापारा आमदी में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। प्रधानमंत्री रेशमा यादव, उप प्रधानमंत्री थानसिंह, सांस्कृतिक मंत्री यामिनी, भूमिका, प्रतिमा, खेल मंत्री छलेन्द्र, भोजराज, खुशबू, अनन्या, स्वच्छता मंत्री जान्हवी, मोनिका, स्वास्थ्य मंत्री खिलेश्वरी, त्रियंका, पर्यावरण मंत्री प्राची, तोमेश्वर, विज्ञान एवं इको क्लब अध्यक्ष हितेश्वरी, उपाध्यक्ष प्राची, सदस्य तोमेश्वर, खुशी, भावना, पायल, जान्हवी, गोपिका रितेश, लक्ष्मण, चेमन, मोहित बनाए गए। ईको क्लब अध्यक्ष भोजराज, उपाध्यक्ष ज्योतिरानी चुने गए। सदस्यों में वैशाली, कविता, तन्नू, फुलेश्वर, दीपेश, प्रेमकुमार, भावना साहू, वेदिका, हिना, पायल देवांगन शामिल हैं। प्रधानपाठक बिन्दु ध्रुव एवं शिक्षिका सविता छाटा, सोमदत्त साहू ने शुभकामनाएं देते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन अच्छे से करने कहा।

---

# इलेक्ट्रिकल सेंटर के छात्रों को सीईओ ने दिया ऑफर लेटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

बुधवार को जनपद पंचायत में कुरुद इलेक्ट्रिकल सेंटर के बैच नंबर 29 के छात्रों को सीइओ अमित कुमार सेन द्वारा ऑफर लेटर वितरित किया गया। इस दौरान श्री सेन ने सभी छात्रों को उनके भविष्य के कार्यों के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया और उन्हें अच्छे से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों ने भी अपने प्रशिक्षण और प्लेसमेंट अनुभवों के बारे में जानकारी साझा की। इस अवसर पर प्रथम संस्था से क्लस्टर प्रमुख मोतीलाल देवांगन, केंद्र प्रमुख भोजलाल साहू, प्लेसमेंट एसोसिएट हेमराज साहू, प्रशिक्षक महेंद्र साहू उपस्थित थे।

---

# जिले का दौड़ पंडरीपानी वनग्राम बनेगा राजस्व गांव

- सर्वे पूरा, राजस्व अभिलेख तैयार, प्रारंभिक प्रकाशन भी हुआ

**धमतरी।** धमतरी जिले का गांव दौड़ पंडरीपानी वनग्राम को राजस्व गांव का दर्जा देने की प्रक्रिया लगभग पूर्णता पर है। जिले की नगरी तहसील के ग्राम दौड़ पंडरीपानी को राजस्व ग्राम का दर्जा देने सर्वे का काम पूरा हो गया है। इसके साथ ही इस गांव के राजस्व अभिलेख, नक्शा, खसरा आदि भी तैयार कर लिया गया है। इस गांव के तैयार राजस्व अभिलेखों का प्रारंभिक प्रकाशन कलेक्टर कार्यालय द्वारा किया जा चुका है। सभी अभिलेख संबंधित ग्राम पंचायत में आमजनों-ग्रामवासियों के अवलोकन के लिए कार्यालयीन दिवसों में उपलब्ध है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा इन अभिलेखों से संबंधित आमजनों से दावा आपत्तियां आमंत्रित की जा रही है। हल्का पटवारी द्वारा तैयार किये गये नक्शा शीटों एवं खसरों पर जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित-मौखिक आवेदन कार्यालयीन समय में स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति संबंधित ग्राम पंचायत भवन में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

---

### स्वच्छता रथ को दिखाई हरी झंडी

**कुरुद।** नपं कुरूद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान 2025 की शुरुआत की गई। सफाई कार्यक्रम 1 से 31 जुलाई तक होगा। हाथ धुलाई, स्वच्छता शपथ, सार्वजनिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के परिसर में सफ़ाई, स्वच्छता रथ को हरी झण्डी दिखाकर नपं अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हमारा कुरूद नगर शासन की हर योजनाओं में मॉडल स्वरूप बनेगा। सफ़ाई अभियान हमारा मुख्य एजेंडा है, इसमें निरंतर कार्य करते रहेंगे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, वरिष्ठ पार्षद मनीष साहू, सभापति महेन्द्र गायकवाड़, सितेश सिन्हा, राजकुमारी ध्रुव, रवि मानिकपुरी, इंजीनियर श्री सिन्हा एवं कर्मचारीगण, आत्मानंद स्कूल के अध्यापक एवं बच्चे शामिल हुए।

---

# करगा स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

सरस्वती शिशु मंदिर करगा में आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में नवप्रवेशित बच्चों को मिठाई खिलाकर और पुस्तक कापी भेंटकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मौके पर विद्यालय के संयोजक रूपचन्द साहू, समिति के सदस्य भूपेन्द्र साहू, हेमन्त साहू, छबि साहू, सरपंच श्रीमती सावित्री साहू, उपसरपंच चुनेश्वर साहू, हथबंद की पूर्व सरपंच श्रीमती हुलसी साहू, उपसरपंच रवि साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

---

जिले में स्वसहायता समूह की 58 सदस्यों को सेंट्रिंग प्लेट के लिए मिला ऋण

# "बिहान" से जुड़कर महिलाएं हो रहीं आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान महिलाओं को स्वावलंबी और आर्थिक रूप से सशक्त बनने में सहायक सिद्ध हो रहा है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्व-सहायता समूहों के माध्यम से संगठित कर उन्हें स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। बिहान से जुड़कर महिलाएं समूह के माध्यम से वित्तीय साक्षरता, बचत, ऋण सुविधा और स्वरोजगार की विभिन्न तकनीकों की जानकारी से अवगत हो रहीं हैं। वहीं महिलाएं आत्मनिर्भर बनने की दिशा अन्य महिलाओं को भी भी प्रेरित कर रहीं हैं। समूह के सदस्यों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए उन्हें आरएफ से 15 हजार रुपए, सीआईएफ से 60 हजार रूपये और बैंक ऋण के रूप में 3 लाख रुपए प्रदाय किए जाते हैं, जिसके उपयोग वे आजीविका और स्वरोजगार के लिए कर सकें।

जिले में सेंट्रिंग प्लेट से स्वरोजगार स्थापित करने के लिए स्वसहायता समूह की कुल 58 सदस्यों को ऋण प्रदाय किया गया। इनमें धमतरी विकासखंड के 27, कुरुद विकासखंड की 15, मगरलोड विकासखंड की 7 और नगरी विकासखंड की 9 महिलाएं शामिल हैं। इन सदस्यों को सेंट्रिंग प्लेट के लिए ऋण प्रकरण तैयार कर फंड उपलब्ध कराया गया। जिले में कुल 59 हजार 300 वर्गफीट नवीन सेंट्रिंग प्लेट की खरीदी की गई। समूह की महिलाओं ने आवास निर्माण के लिए 20 से 25 रुपये प्रति फीट के हिसाब से यह प्लेट किराये पर उपलब्ध करा रही हैं, जो प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण तथा अन्य शासकीय निर्माण कार्यों एवं स्थानीय बाजारों में प्रमुखता से उपयोग किया जा रहा है। इन प्रयासों से अब समूह की महिलाओं को अतिरिक्त आमदनी हो रही है। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव ने कहा कि बिहान योजना से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भरता की कहानी गढ़ रही हैं। वहीं अपने जीवन में परिवार एवं समाज के प्रति सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं।

---

**न्यायालय तहसीलदार धमतरी**
**जिला-धमतरी (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.मा.क्र. 202505130700024 अ/6
वर्ष 2024-25
ग्राम-बठेना, प.ह.नं.- 32

सर्वसाधारण आम जनता बठेना, प.ह.नं.-32, तहसील व जिला धमतरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक धर्मेन्द्र शाह उर्फ गोलू शाह पिता स्व. लवचंद शाह जाति गुजराती निवासी सिंधी धर्मशाला के सामने आमापारा वार्ड धमतरी तहसील व जिला धमतरी के द्वारा अपनी माता श्रीमती ललिता शाह पति स्व. लवचंद शाह के नाम पर ग्राम बठेना प.ह.नं. 20 तहसील व जिला धमतरी में खसरा नं. 7/64 रकबा 0.014 हे. को वसीयतनामा दिनांक 03/08/2002 को आवेदक को वसी नियुक्त किया गया है। वसीयतकर्ती की मृत्यु दिनांक 27/05/2021 को हो जाने के बाद वसीयतनामा के आधार पर अपने नाम पर दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र दर्ज किए जाने आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 09/07/2025 तक इस न्यायालय में न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**धमतरी (छग.)**

## खबर संक्षेप

### शराब पीने की सुविधा देने पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले एक आरोपी के खिलाफ सरायपाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी विजय नंद पिता मारकंडे नंद (40 साल) जोगनीपाली के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### सिंघनपुर में मारपीट, दो लोगों के खिलाफ जुर्म

**महासमुंद।** ग्राम सिंघनपुर के एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में दो लोगों के खिलाफ पटेवा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम सिंघनपुर निवासी उदेराम निषाद के साथ आरोपी ठाकुर राम निषाद, टोमेश निषाद के द्वारा सिंधौरी खार में खेत की जोताई की बात को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई। जिसे महासमुंद के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

### माता-पिता से मारपीट

**महासमुंद।** अपनी मां और पिता से मारपीट के मामले में पटेवा थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को धनेश्वरी मारकंडे निवासी ग्राम पंडरीपानी ने बताया कि 2 जून की रात करीबन 8 बजे उसके जीवराखन मारकंडे चिल्ला रहे थे, तभी उसका बेटा खोमन मारकंडे आया और जीवनराखन को तुम मुझे गाली गलौच कर चिल्लाी रहे हो कहते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, बीच बचाव करने पर प्रार्थिया के साथ भी मारपीट की। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महिला से देवर ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** महिला से मारपीट करने वाले देवर के खिलाफ सिंघोड़ा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को लता कुलदीप पति हेमसागर कुलदीप (40 साल) निवासी मानपाली ने बताया कि 2 जून की दोपहर 2:30 बजे उसका देवर तहसील कुलदीप पिता गौतम कुलदीप (38 साल) शराब पीकर उसके साथ गाली गलौज कर रहा था। मना करने पर लकड़ी से मारपीट कर चोट पहुंचाया एवं जान से मारने की धमकी दी। मामले में धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### मोटर साइकिल चोरी

**महासमुंद।** मोटर साइकिल चोरी के मामले में बसना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस को पंकज देवांगन पिता गौतम देवांगन (20 वर्ष) ने बताया कि अपने अपनी बाइकबजाज पल्सर एनएस-125 सीजी 06 एचबी 7768 को 30 जून की रात 9 बजे अपने घर में लॉक करके रखा था। सुबह देखा तो वहां बाइक नहीं थी। किसी अज्ञात आरोपी ने बाइक चोरी कर ली। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

### दो बाइक के बीच टक्कर, मामला दर्ज

**महासमुंद।** दो बाइक के बीच टक्कर होने के मामले में सिटी कोतवाली में अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को मनोज लहरे निवासी बनसिवनी वार्ड नं 08 ने बताया 2 जुलाई को उसके मामा भूपेंद्र टंडन का ग्राम चोरभट्टी झाडू देवता नाला के पास एक्सीडेंट होने की सूचना मिली थी। वह जब मौके पर पहुंचा तो देखा कि भूपेंद्र के दाहिने पैर में चोट लगी थी। पूछने पर भूपेंद्र ने बताया कि वह अपने मोटर सायकल सुपर स्पलेंडर क्रमांक सीजी 06 जीजे 2001 से बनसिवनी काम से जा रहा था, सुबह करीब 10.30 बजे ग्राम चोरभट्टी झाडू देवता नाला के पास साइड में मोटर सायकल को खडी कर फोन से बात कर रहा था, तभी मोटर सायकल टीवीएस एक्सल क्रमांक सीजी06 एचडी 0523 के चालक ने अपनी मोटर सायकल को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से ठोकर मार दिया। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। वहीं इसी घटना में दूसरे प्रार्थी मोहनीस सोनवानी वार्ड नं 11 सरकारी कुंआ चौंक ग्राम चोरभट्ठी ने बताया कि 2 जुलाई की सुबह करीब 10.10 बजे वह अपने घर से अपने बडे भाई साहिल सोनवानी की मोटर सायकल टीवीएस एक्सल क्रमांक सीजी 06 एचडी 0523 से गैस गोदाम महासमुंद आ रहा था।

---

राज्य एवं केंद्र सरकार पर निकाली जमकर भड़ास

# खाद-बीज की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरुद ने स्थानीय सहकारी समिति केन्द्र के सामने पूर्व दुग्ध संघ आयोग अध्यक्ष विपिन साहू व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने राज्य सरकार व केन्द्र सरकार पर जमकर भड़ास निकाली।

प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर गुरुवार को आयोजित धरना प्रदर्शन को विपिन साहू, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व राज्यमंत्री दर्जा सुश्री राजकुमारी दीवान, प्रदेश कांग्रेस सचिव श्रीमती तारिणी चन्द्राकर, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष शर्मा, जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर, जिला उपाध्यक्ष भरत नाहर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तंपन चन्द्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि धान का कटोरा छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार की नीति किसान विरोधी है। खरीफ फसल के लिए खाद बीज की जरूरत है लेकिन डबल इंजन की सरकार नींद में है। विद्यालय बंद कर मदिरालय खोल रही है, बिजली बिल में बढ़ोतरी कर रही है। युक्तियुक्तकरण के नाम पर शिक्षकों को परेशान व प्राईवेट स्कूल को महत्व देने में लगी है। भ्रष्टाचार चरम पर है।

इस अवसर पर पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष रमेशर साहू, जिला महामंत्री प्रमोद साहू, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष व नपं उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, ब्लाक युवा कांग्रेस अध्यक्ष व नपं नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, पार्षद मनीष साहू, वरिष्ठ नेता प्रहलाद चंद्राकर, पूर्व प्रदेश सेवादल संयोजक, रवि शर्मा, पार्षद उत्तम साहू, अर्जुन ध्रुव, शत्रुघन साहू, महेंद्र साहू, रामा साहू, मनोज अग्रवाल, पप्पू राजपूत, महिम शुक्ला, लेखराम साहू, ब्लाक कांग्रेस कोषाध्यक्ष उमाशंकर साहू, नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष उमेश साहू सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।

#### समस्या दूर नहीं हुई तो करेंगे उग्र प्रदर्शन

कांग्रेसियों ने कहा कि जब हमारी राज्य में सरकार थी तब सभी वर्ग के लिए योजना लागू की गई थी, जनता खुशहाल थी। खास तौर पर किसान वर्ग को बहुतायत लाभ मिला था। जनता आज पछता रही है। अगर समय रहते खाद बीज की समस्या को दूर नहीं किया गया तो कांग्रेस और उग्र आंदोलन करेगी। तत्पश्चात खाद की पूर्ति संबंधी मांग को लेकर प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

---

# हल्की बारिश से शहर के निचले इलाकों में भरा पानी, ड्रेनेज सिस्टम सुधारने की मांग

- जलभराव अब भी शहर की सबसे बड़ी समस्या : नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ड्रेनेज सिस्टम की खराबी के चलते बारिश के दिनों में शहर के निचली इलाकों में पानी भर जाता है। इस बार भी ऐसा ही हो रहा है। पिछले सप्ताह भर से रूक-रूककर हो रही बारिश से शहर के दर्जनभर वार्ड, कॉलोनियों में पानी भर गया है। जलमग्न वार्ड के रहवासियों को परेशानी हो रही है। लोगों ने पानी निकासी की व्यवस्था करने की मांग की है। शहर के बठेना वार्ड, बांसपारा, रूद्री रोड की कॉलोनी, गोकुलपुर, रामपुर, डबरीपारा , आमापारा, सोरिद, जोधापुर, रेलवे स्टेशन पारा, डाक बंगला वार्ड आदि ऐसे हैं जहां हल्की बारिश के बाद वार्डों की सड़कों, घरों में पानी भर जाता है। निकासी का मार्ग नहीं होने से पानी महीनों तक भरा रहता है।

बठेना वार्ड के पार्षद श्यामलाल नेताम, वार्डवासी संजय पांडे, शत्रुधन साहू, मंजु, भगवानी, उषा परमार, निर्मल साहू, सावित्रीबाई, बांसपारा वार्ड के पूर्व पार्षद मिथलेश सिन्हा, रेलवे स्टेशन पारा औद्योगिक वार्ड के रहवासी पूरण ध्रुव, निर्मला ध्रुव, सरस्वती मारकंडे, सोरिद वार्ड के प्रभुदयाल मरकाम, रोशन मरकाम, नरेंद्र सोनवानी आदि का कहना है कि बारिश का पानी घरों में घुस गया है। सड़कें लबालब हो गई हैं। खाली जगहों पर 3 से 4 फीट तक पानी जमा हो गया है। यह समस्या काफी पुरानी है। वार्डवासी 4 माह तक परेशान रहते हैं। जलभराव से मुक्ति दिलाने जिला, निगम प्रशासन को कई बार गुहार लगा चुके हैं फिर भी समस्या जस की तस है। सड़कें ऊंची की गई। नालियों को गहरा करके चौड़ा किया गया। प्राकृतिक रास्ते बनाए गए हैं फिर भी जलभराव होता है। ज्यादा बारिश होने पर घरों और सड़कों पर घुटनों तक पानी भर जाता है। लोगों को स्थान छोड़कर जाना पड़ता है। जलभराव अब शहरवासियों के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है।

#### ड्रेनेज सिस्टम 50 साल पुराना

शहर के अन्य वार्डवासी सोहन सिन्हा, दयाराम सिन्हा, ललित ध्रुव, मुरलीधर साहू आदि का कहना है कि शहर का ड्रेनेज सिस्टम 50 साल पुराना है। उस समय शहर की आबादी काफी कम थी। अब शहर की चारों दिशाओं में बड़ी-बड़ी कॉलोनियां बन गई है। जिनकी संख्या 50 से अधिक है। कुछ वैध है तो कई अवैध है। खेतों में कालोनियां बन जाने से प्राकृतिक रास्ते बंद हो गए। शहर का पानी शहर में ही रूक रहा है। तेज बारिश से शहर के मुख्य मार्गों में भी घुटनों तक पानी भर जाता है। वार्डों में जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है।

---

# चेंबर ऑफ कॉमर्स के चेयरमेन ने एलईडी टीवी देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




शासकीय प्राथमिक शाला बाजारपारा लोहरसी में संकुलस्तरीय शाला प्रवेश उत्सव धमतरी चेंबर ऑफ कॉमर्स के चेयरमेन नरेंद्र रोहरा के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। नरेंद्र रोहरा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वे भी एक सरकारी स्कूल में पढ़े हैं। उस समय स्कूलों में इतनी फेसिलिटी, सुख सुविधा उपलब्ध नहीं होती थी। इन सबके बाद भी सरकारी स्कूलों में अच्छी पढ़ाई होती थी। उन्होंने बच्चों की पढ़ाई में सहयोग के लिए स्कूल को एक एलईडी टीवी देने की घोषणा की। मुख्य अतिथि श्री रोहरा ने नव प्रवेशित बच्चों को किताबें और शाला गणवेश प्रदान कर उनका फूलमाला से स्वागत किया।

स्कूल की प्रधानपाठिका श्रीमती डीलेश्वरी सिन्हा ने टीवी के लिए श्री रोहरा और न्योता भोज के लिए सरपंच श्रीमती माहेश्वरी गजेंद्र का आभार जताया। मौके पर पंचगण दीपक सोनकर, ओंकार सोनवानी, शिक्षक ज्योतिष विश्वास, श्रीमती नीलिमा नेताम सहित स्कूली बच्चे, शिक्षकगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

---

# जब शिक्षा और समाज साथ चलते हैं, तो भविष्य स्वर्णिम बनता है

- प्राथमिक, माध्यमिक शाला बटनहर्रा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



प्राथमिक-माध्यमिक शाला बटनहर्रा में उल्लासपूर्वक शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती हेमवती आनंद ठाकुर प्राध्यापक इतिहास विभाग बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय महाविद्यालय धमतरी तथा डॉ. आनंद ठाकुर, पूर्व जिला चिकित्सा अधिकारी धमतरी थे। विशेष अतिथि संकुल प्राचार्य आरके टंडन (संकुल राजपुर), ग्राम पंचायत बटनहर्रा के उपसरपंच गौतम साहू तथा ग्राम प्रमुख ईतवारी साहू , दाबगांव के गणमान्य नागरिक जालम सिंह एवं देवसिंग ध्रुव थे। प्राचार्य श्री टंडन ने विशेष रूप से शिक्षा की महत्ता, बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और सामुदायिक सहभागिता पर बल दिया। संस्था की ओर से मुख्य अतिथियों को मोमेंटो और प्रशस्ति-पत्र भेंटकर सेवा गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही परंपरा का निर्वाह करते हुए इस वर्ष भी ठाकुर दम्पति द्वारा बच्चों को स्टेशनरी, यूनिफॉर्म व नोट बुक्स वितरित की गई जिसे पाकर बच्चों के चेहरों पर प्रसन्नता की चमक देखते ही बनती थी।

हेमलाल कुंजाम और नरोत्तम साहू का प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस आयोजन में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार मरकाम, राजकुमार देव, राघवेन्द्र ग्वाल, युवराज साहु, रितेश समुंद, गोलू साहू, शंभूलाल नाग, मुकेश देव, तेजराम यादव, गिरधारी यादव, टुकेश देव, दिनेश ध्रुव, मुरारी यादव, प्रवीण नागवंशी, विश्वनाथ मरकाम का सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता व जल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था उषा साहू, जवन्तीन बाई तथा कुमारी बाई ने की। संस्था के प्रधानपाठक टुकेश्वर प्रसाद, वरिष्ठ शिक्षक पूनम चंद ठाकुर, शिक्षिका श्रीमती खंजना कश्यप, शिक्षक विजय कुमार देवांगन एवं ओमशंकर चन्द्रवंशी ने भी कार्यक्रम के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्राथमिक व माध्यमिक शाला का यह संयुक्त आयोजन शिक्षा की ओर एक मजबूत कदम सिद्ध हुआ। बच्चों में गजब का उत्साह और आत्मविश्वास झलक रहा था। मानो उनका स्वागत ज्ञान के मंदिर में नहीं, बल्कि एक सपनों की उड़ान में हो रहा हो। शाला प्रवेश उत्सव न केवल शिक्षा का पर्व रहा, बल्कि यह समुदायिक एकता, सहयोग और संस्कारों का अनोखा संगम बन गया। जब शिक्षा और समाज साथ चलते हैं, तो भविष्य स्वर्णिम बनता है।

---

# सार्वजनिक जगह पर सट्टा खिलाते आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नगर पंचायत कुरुद की सार्वजनिक जगह पर सट्टा नामक जुआ खिला रहे आरोपी को कुरूद पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से विभिन्न अंक और रकम लिखी हुई सट्टा-पट्टी, नगदी रकम 4330 रू., एक नग की-पैड मोबाइल जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार कुरूद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कृष्णा होटल, प्रकाश पान ठेला में सट्टा नामक जुआ खिलाया जा रहा है। आरोपी आम जगह पर लोगों से पैसा लेकर हारजीत का खेल अंकों वाला सट्टा-पट्टी नामक जुआ खिलाते रंगे हाथ पकड़ा गया। पुलिस को देखकर सट्टा लिखवा रहे लोग भाग गये और सट्टा खिलाने (लिखने) वाला आरोपी प्रकाश कश्यप पिता छबिलाल कश्यप उम्र 61 वर्ष सरोजनी चौक कुरूद पकड़ा गया। इनके खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ अधिनियम वर्ष 2022 धारा 6 (ख) जुआ एक्ट के तहत गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

---

# अब निजी स्कूलों को भी बिना स्कैन के निःशुल्क पुस्तकें प्रदान की जाएगी

- निजी विद्यालयों को 6 डिपो से पुस्तक वितरित की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





संपूर्ण छत्तीसगढ़ में 1 जुलाई से निजी विद्यालयों को 6 डिपो से पुस्तक वितरित की जा रही है परंतु एक जिले को एक या अधिकतम दो दिन समय देने के कारण किसी भी विद्यालय द्वारा पुस्तक उठाना संभव नहीं है। सभी पुस्तक को स्कैन करना तो बहुत दूर की बात है। रायपुर डिपो में ही 1 जुलाई को प्रातः 10 बजे से पुस्तक को स्कैन कर रहे थे । रात्रि 1:30 बजे के उपरांत वह सब घर गए । फिर सुबह से स्कैन कर रहे हैं। अभी तक रायपुर डिपो से सिर्फ 30 स्कूलों को पुस्तक मिली है। जबकि गरियाबंद जिले में ही करीब 90 स्कूल है।

छत्तीसगढ़ में जितने भी 6 डिपो उनमें प्रत्येक डिपो में अधिकतम 30 से 40 स्कूलों को ही पुस्तकें दी गई है। वहीं शासकीय स्कूलों को संकुल स्तर पर पुस्तक पहुंचाई गई है और विगत 15 दिनों पहले से पुस्तक पहुंचने के बाद भी आज तक वह पुस्तक स्कैन नहीं हो पाई हैं। यहां शर्त रखी जा रही है कि पुस्तक को स्कैन कर के ही डिपो से ले जाना है। प्रत्येक स्कूल से डिपो की दूरी 150 से 200 किलोमीटर दूर है। सभी संचालक को अपने शिक्षक शिक्षिकाओं को लेकर जाना पड़ रहा है। वहां न प्रसाधन की व्यवस्था है और न पानी। शासकीय विद्यालय संचालक संघ अध्यक्ष सुबोध राठी एवं सचिव मनोज पाण्डेय समेत जिलों के पदाधिकारियों ने बुधवार को छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम रायपुर के डिपो में धरना प्रदर्शन किया था और मांग रखी थी कि निजी विद्यालयों को निःशुल्क पुस्तक बिना स्कैन के प्रदान की जाए। जैसे शासकीय स्कूल को दी गई है।

---

# सरकार जनता के साथ आंख मिचौली खेल रही : दीपक बैज



- राजीव भवन में मोबाइल का टार्च जलाकर ली कांग्रेसियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने राजीव भवन में कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली। 7 जुलाई को राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की छत्तीसगढ़ में सभा होगी। इसी तैयारी को लेकर यह बैठक रखी गई। लेकिन यहां का जो नजारा था, वह काफी दिलचस्प था। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज अंधेरे में मोबाइल का टार्च जलाकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस दौरान अन्य मौजूद कांग्रेसियों ने भी अपने मोबाइल के टार्च को चालू कर दिया।

कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कई मुद्दों पर बात की। उन्होंने कहा कि यह सरकार भगवान भरोसे चल रही है। बिजली की जैसी आंख मिचौली जनता के साथ यह सरकार कर रही है। उन्होंने आगामी सात जुलाई को होने वाले कार्यक्रम को लेकर चर्चा की। लेकिन लाइट बार -बार गुल हो रही थी। कार्यकर्ता अपने मोबाइल का टॉर्च जलाकर रोशनी फैला रहे थे। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अब पूरी सरकार ही अंधेरे में है और यह सच्चाई है। क्योंकि यह सरकार भगवान भरोसे चल रही है। नाम विष्णु है लेकिन काम उल्टा है। इस सरकार में बिजली तो ऐसे आंख मिचौली खेल रही है जैसे कि यह सरकार जनता के साथ खेल रही है। इसलिए हम लोग अंधेरे में बैठकर ही चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिजली भी सांय-सांय चली गई। मतलब यह कि सरकार पूरी तरीके से चौपट हो चुकी है। जनता त्रस्त है।

---

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस सप्ताह का शुभारंभ

# सहकारिता से किसान साहूकारों के जाल से हुए मुक्त : दिलीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी






अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस सप्ताह 1 से 6 जुलाई तक मनाया जायेगा। इसी क्रम में जिला सहकारी संघ धमतरी द्वारा 1 जुलाई को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित भोथली में प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्रथम दिवस पर मॉडल ऑडिटिंग व वार्षिक आम सभा से संबंधित विषयों की जानकारी के पश्चात एक पेड़ मां के नाम के तहत 10 पौधों का रोपण किया गया।

कार्यक्रम में दिलीप सेन सदस्य जनपद पंचायत धमतरी, श्रीमती शिवरात्रि ध्रुव सरपंच भोथली, डॉ एएन दीक्षित प्रवक्ता, सीपी साहू प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी संघ धमतरी उपस्थित थे। दिलीप सेन ने कहा कि किसानों को साहूकारों के जाल से मुक्त कराने हेतु 1904 में सहकारिता का प्रारंभ हुआ। प्रधानमंत्री ने केंद्र में सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। सहकारी समितियों के विकास व लाभ से हम सभी परिचित हैं। सरपंच श्रीमती ध्रुव ने गांव के नवयुवकों को सहकारिता के विकास में कार्य करने प्रेरित किया।

प्राधिकृत अधिकारी साहू ने मॉडल ऑडिटिंग व वार्षिक आम सभा की प्रक्रिया संबंधी विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने गांव में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाकर पंचायत में 100 पेड़ लगाने अपील की। प्रवक्ता डॉ दीक्षित ने सहकारिता की विशेषताएं एवं सिद्धांत से अवगत कराते हुए कहा कि सरकार से समृद्धि अभियान ने सहकारी समितियों में जड़ता को समाप्त किया है। अब समिति के जागरूक नवयुवक अपनी समिति में नई गतिविधियां जोड़कर गांव की समृद्धि के वाहक बन सकते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सहकारी क्षेत्र से जुड़े सदस्य, कृषक व महिलाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन संघ प्रबंधक आनंद प्रकाश गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन पैक्स भोथली प्रबंधक मुकेश साहू ने किया।

---

# किताब वितरण में भारी अव्यवस्था : राजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में जारी अव्यवस्था को लेकर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि स्कूलों को खुले 15 दिन से अधिक समय बीत चुका है लेकिन धमतरी सहित पूरे प्रदेश के निजी विद्यालयों में किसी भी कक्षा की पाठ्यपुस्तकें अब तक नहीं पहुंची हैं। इससे छात्रों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। राजा देवांगन ने कहा कि कक्षा 1, 2, 3 और 6 का पाठ्यक्रम इस वर्ष पूरी तरह से बदला गया है, लेकिन नए किताबों की अनुपलब्धता के कारण निजी स्कूलों में बच्चों को पिछले वर्ष की पुरानी किताबों या पीडीएफ से पढ़ाने की मजबूरी है। यह स्थिति न केवल शिक्षा के स्तर को गिरा रही है, बल्कि छात्रों के भविष्य के साथ अन्याय है। उन्होंने सभी शासकीय एवं निजी स्कूलों में अविलंब पाठ्य पुस्तकों की आपूर्ति सुनिश्चित करें। निजी विद्यालयों को भी समान प्राथमिकता के साथ पुस्तकें वितरित की जाए। शिक्षा विभाग में जवाबदेही तय की जाए और शिक्षा मंत्री की शीघ्र नियुक्ति की जाए। राजा देवांगन ने कहा कि यदि सरकार शीघ्र सुधारात्मक कदम नहीं उठाती, तो एनएसयूआई छात्रहितों के लिए ज़मीनी आंदोलन की राह पर उतरेगी।

### समाजसेवी ने मुक्तिधाम करेठा में किया पौधरोपण

धमतरी। समाजसेवी सोहन सिन्हा, शेषनारायण यादव, शैलेन्द्र सिन्हा, वेदनारायण सिन्हा ने मुक्तिधाम करेठा में करंज के दो और गुलमोहर का एक पौधा रोपा। सोहन सिन्हा हमेशा सामाजिक सहयोग, धार्मिक कार्यक्रम व जरूरतमंद लोगों को रक्तदान करने के लिए भी प्रेरित करते है। श्री सिन्हा ने कहा कि एक मनुष्य के लिए 16 पेड़ की आवश्यकता होती है, जिससे हमें शुद्ध वायु मिलती है। अपने बच्चों के जन्म पर एक पौधा जरूर लगाएं।

**खबर संक्षेप**



### बिजली दर में वृद्धि व कटौती के खिलाफ आप ने सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी ने अंधाधुंध बिजली बिल और अघोषित बिजली कटौती का विरोध किया है। प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में अधीक्षण यंत्री, कलेक्टर एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर बिजली दर वृद्धि वापस करने और अघोषित बिजली कटौती बंद करने की मांग की है। जिला मुख्यालय में आप के प्रदेश सचिव संजय यादव एवं कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधित्व ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य में जुलाई महीने से बिजली की दरों में प्रति यूनिट लगभग 20 पैसे की वृद्धि जुलाई, 2025 से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित है। उक्त बढ़ी हुई दरों से प्रदेश के गरीब तबके और आम जनता को स्वभावतः परेशानी निश्चित है।

### छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ की बैठक कल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ की जिला स्तरीय बैठक 5 जुलाई शनिवार को दोपहर 1 बजे मरार (पटेल) समाज के सामाजिक भवन छत्तीसगढ़ स्कूल के सामने बागबाहरा रोड़ पर रखीं गई है। जिसमें प्रमुख रूप से जिला कार्यकारिणी की कार्यकाल पूर्ण होने के कारण निर्वाचन संबंधित चर्चा एवं निर्णय। देश के कुछ राज्यों में पिछड़ा वर्ग के कथाकारों के साथ हो रही जातिगत भेद-भाव पर समाज प्रमुखों से चर्चा एवं शासन द्वारा शिक्षा विभाग में स्कुलो के युक्तियुक्तकरण के कारण समाज पर होने वाली प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। जिलाध्यक्ष बसंत सिन्हा व कार्यकारी जिलाध्यक्ष पवन पटेल व महामंत्री रेखराज बघेल ने बैठक में संरक्षकों व पदाधिकारियों के साथ ही एससी, एसटी व ओबीसी वर्ग के समाज प्रमुखों, जिलाध्यक्षों एवं बुद्धिजीवी लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### तेज रफ्तार कार चालक ने 2 बाइक को ले लिया चपेट में, 2 गंभीर

**जगदलपुर।** परपा थाना क्षेत्र के जीएडी कॉलोनी मार्ग में गुरुवार को तेज रफ्तार कार ने दो बाईक को चपेट में ले लिया। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल है जिन्हें उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। वहीं परपा पुलिस चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाहीपूर्वक कार चलाते हुए दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। मामला परपा थाना क्षेत्र के जीएडी कॉलोनी मार्ग पर गुरुवार दोपहर की है जब कार ने दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे उस समय हुआ जब गीदम रोड बीआर कोल्ड स्टोरेज के करीब रहने वाला आदित्य नाग अपनी बाइक से अपने पहचान की प्रियंका को लेकर पंडरीपानी से जगदलपुर की ओर जा रहा था। तभी पंडरीपानी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में प्रियंका व आदित्य को गंभीर चोट आई है। दोनों को डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि पहली दुर्घटना के बाद भी कार चालक ने ब्रेक नहीं लगाया और सामने चल रही दूसरी बाइक को भी टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दूर जा गिरे। हादसे के बाद कार मौके पर रुक गई जिसके बाद स्थानीय लोगों ने कार चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

नशे की गोलियां खाकर नाबालिग बन रहे बटंची, कुछ नशे की हालत में पहुंच रहे स्कूल

# शहर में बिक रही अवैध शराब व गांजा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के अमूमन सभी वार्डों में इन दिनों नशे का खेल धड़ल्ले से जारी है। कुछ वार्डों में शराब, गांजा तो कुछ में नशे की गोलियां बिक रही हैं। वहीं कुछ स्थानों पर बोनफिक्स, सिलोशन, अफीम प्रतिबंधित, कफ सिरप बेची जा रही है।

खुलेआम बिकने के कारण नाबालिग इसकी गिरफ्त में आसानी से आ रहे हैं और नशे की हालत में अपराध जगत में प्रवेश कर रहे हैं। रोजाना हो रही हत्या, लूट, मारपीट, यौन शोषण, नकबजनी में शामिल ज्यादातर लोग नाबालिग हैं जो नशे की गिरफ्त में आने के बाद वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

#### हो चुकी हैं कई वारदात

शहर में पिछले कई महीनों से वारदात हो रही है। नशे की गिरफ्त में आए बच्चे उग्र होकर मारपीट हत्या, लूट आदि की घटनाओं में शामिल हो रहे हैं। कहीं घूरकर देखने पर हत्या हो रही है, तो कहीं बदले की भावना से मारपीट और मर्डर हो रहा है। भीड़भाड़ वाले इलाके में चाकूबाजी जैसी घटनाएं हो चुकी हैं। चलते वाहनों को रोकने की कोशिश हो रही है। तेज रफ्तार में वाहन चलाने की शिकायतें आ रही हैं जिससे एक्सीडेंट होने का खतरा है। नशे की हालत में चोरी, लूट की घटनाओं की पुनरावृत्ति हो रही है। शहर में भय का माहौल है।

शहरी नागरिक व शिक्षक शिवशंकर करिहार ने कहा कि उनके स्कूल में नाबालिग नशे की हालत में स्कूल आते हैं। मना करने पर लाल आंखें दिखाता है। बस्ता चेक करने पर नशीला पदार्थ निकलता है। इससे स्कूल व आसपास का माहौल खराब होता है। शहर के एक व्यापारी ने बताया कि उनकी दुकान में चार पांच लड़के सामान लेने आए थे। सामान खरीदने के बाद पेमेंट किए बिना वापस जा रहे थे। पैसा मांगने पर दादागिरी करने लगे और चाकू लहराने लगे। दुकानदार ने बताया कि यह स्थिति शहर के अन्य व्यवसायों में भी है, जहां अराजक तत्व भीड़ की शक्ल में आकर दुकानदार से सामान मांगते हैं और पैसा नहीं देते।

#### पूरा वार्ड नशे की चपेट में



शहरी युवा दीपक ध्रुव, अज्जू साहू, सोमन पटेल आदि का कहना है कि उनका वार्ड पूरी तरह नशे की चपेट में हैं। नशे का सामान खुलेआम बिकता है। नशे के कारोबारी खुलेआम धंधा कर रहे हैं। रोकने टोकने वाले आदमी को धमकाकर वापस भेज रहे हैं।

#### पढ़ने लिखने की उम्र में शराब पी रहे



समाजसेवी लोगों का कहना है कि पढ़ने लिखने की उम्र में बच्चे शराब पी रहे हैं। नशीली गोलयां, अफीम, गांजा, प्रतिबंधित दवाइयों की चपेट में आ रहे हैं। नशे की हालत में वारदात कर रहे हैं। शहर के लगभग सभी वार्डों में ऐसे ही हालात हैं। सभ्रांत घरों के लोग रात 8 बजे के बाद खुले में निकलना बंद कर रहे हैं।

## आंगनबाड़ी बच्चों की शिक्षा का मूल आधार : अजय

- विधायक ने सिर्वे में आंगनबाड़ी एवं यादव समाज सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी







ग्राम पंचायत सिर्वे अंतर्गत नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र एवं यादव समाज सामुदायिक भवन एवं ग्राम पंचायत सिर्वे के आश्रित ग्राम सिंगदेही में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती राधा वीरेंद्र साहू सरपंच सिर्वे ने की। विशिष्ट अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी, श्रीमती कुलेश्वरी सुनील गायकवाड़ सदस्य जिला पंचायत धमतरी, श्रीमती पूजा सिन्हा सदस्य जिला पंचायत धमतरी, श्रीमती गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरुद समेत समस्त पंच थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चंद्राकर ने कहा कि आंगनबाड़ी बच्चों की शिक्षा का मूल आधार होती है। शिक्षा के क्षेत्र में महाविद्यालय, आईटीआई, स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से युवाओं को रोजगार हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में दिलीप, कुलेश्वर ध्रुव, पवन साहू, सोनजीत साहू, नेतराम साहू, फग्गूराम चक्रधारी, कन्हैयालाल देवांगन सचिव, हीरालाल सोनवानी रोजगार सहायक, पन्नालाल, देवलाल निषाद, दौलत निर्मलकर, मोहनलाल, अरुण कुमार, चंद्रिका साहू, उत्तम साहू, चुरामन साहू, हरिराम, राजेश उपस्थित थे। मंच का संचालन चोवाराम यदु ने किया।

## जिला अस्पताल चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा

- अव्यवस्था में सुधार लाने कांग्रेस ने सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर (2) ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला अस्पताल को पांच सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक अध्यक्ष योगेश शर्मा, आकाश गोलछा ने बताया कि जिला अस्पताल में न केवल शहर के गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार बल्कि आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में इलाज हेतु आते हैं। जिला अस्पताल डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ से जूझ रहा है जिस कारण मरीजों की ठीक प्रकार से देखभाल नहीं हो पा रही है।

आगे कहा कि जब से सत्ता में भाजपा की विष्णुदेव की सरकार आई है। जनहित का हर क्षेत्र प्रभावित है। उससे स्वास्थ्य सेवाएं भी अछूती नहीं है। उन्होंने जिला अस्पताल में डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ की शीघ्र रिक्त पदों की भर्ती करने, आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पतालों में डिलीवरी पुनः शरू की जाए, जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों की बेहतर देखभाल के लिए डॉक्टरों की वार्ड में एक बार सुबह और एक बार शाम को उपस्थिति, सभी प्रकार की आवश्यक जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विशेष रूप गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, एक्सरे, सीटी स्कैन, थायराइड की जांच हो। जिला अस्पताल में संचालित साइकिल, मोटरसाइकिल स्टैंड निःशुल्क किया जाए। ज्ञापन सौंपन के दौरान मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के जिला प्रवक्ता तारिक़ रज़ा क़ादरी, आशुतोष खरे, श्रवण साहू, हिरेन्द्र यादव, सूरज पासवान, नवीन गजेंद्र, अमित बागमारे, शेख सुहेल, मोहन आदि उपस्थित थे।

### कमारपारा अमाली में शाला प्रवेशोत्सव मना

**नगरी।** शासकीय प्राथमिक शाला कमारपारा अमाली में हिरौंदीबाई ध्रुव सरपंच अमाली के मुख्य आतिथ्य एवं जीतबाई सेन उपसरपंच, देवकुमार कश्यप वार्ड पंच, तिलेश्वरी ध्रुव वार्ड पंच, फुलेश्वरी मरकाम, दुर्गेश ध्रुव के विशिष्ट आतिथ्य में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नवप्रवेशित बच्चों को अतिथियों व्दारा गुलाल चंदन कर मुंह मीठा कराया गया। तत्पश्चात निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, निःगणवेश, टी शर्ट, लोवर एवं शिक्षण सामग्री बांटी गई। अतिथियों ने मानव जीवन में शिक्षा की महत्ता एवं आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पुरूषोत्तम कुमार, मनोज कुमार, सेवन यादव, सपुराबाई, राखी बाई समेत बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे।

## रत्नाबांधा मुजगहन रोड की हालत खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- सड़क किनारे कीचड़ दलदल से व्यापारी, राहगीर परेशान



बारिश लगते ही शहर की सड़क खराब होने लगी है। डामर उखड़ने लगा है। रोड में पानी भरने के कारण आवाजाही में परेशानी होने लगी। रोड किनारे साइड सोल्डर में कीचड़ जमा हो गया है जिससे राहगीरों को परेशानी तो हो रही है वहीं कीचड़ से व्यापारी खासे परेशान हैं। शहर के रत्नाबांधा मुजगहन पहुंच मार्ग की हालत तो काफी खराब हो गई है। रत्नाबांधा चौक से लेकर ग्राम मुजगहन तक रोड के किनारे साइड सोल्डर में कीचड़ जमा हो गया है। सड़कों में पानी जाम हो गया है। लोगों को सड़क से दुकान तक पहुंचने में टखने तक कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है। राहगीर व्यापारी, ग्राहकों के कपड़े जूते खराब हो रहे हैं। लोगों का पैदल चलना दूभर हो गया है। व्यापारियों ने नगर निगम के महापौर से तत्काल रोड की मरम्मत करवाने की मांग की है। इसी तरह शहर के सिहावा रोड की हालत खराब हो गई है। रोड में पानी जाम हो गया है। सड़क किनारे कीचड़, दलदल से व्यापारी परेशान हैं। इस रोड की भी मरम्मत करने की जरूरत है। शहर के अन्य वार्डों की सड़क जर्जर है। रत्नाबांधा चौक से देव श्री टॉकीज होते हुए मठ मंदिर तक सड़क खराब है। सिहावा चौक से गोल बाजार तक पहुंच मार्ग अत्यंत जर्जर हो गया है। शिव चौक बनियापारा टिकरापारा नगर निगम स्कूल पहुंच मार्ग काफी खराब हो गया है। वार्ड की अंदरूनी गलियों की सड़क जर्जर हो गई है। नगरवासियों ने निगम प्रशासन से रोड की मरम्मत की मांग की है।

## छग निःशक्त कल्याण संघ स्वास्थ्य विभाग के सचिव से मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छग निःशक्त शासकीय अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ अमित कटारिया सचिव स्वास्थ्य सेवाएं छग से मिला। संघ ने सचिव को ज्ञापन सौंपते हुए निवेदन किया कि स्वास्थ्य विभाग में दिव्यांग कर्मचारियों की पदोन्नति न करते हुए भ्रमित किया जा रहा है,जबकि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मंत्रालय में कार्यरत दिव्यांग कर्मचारियों पदोन्नति का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत दिव्यांग ग्रामीण चिकित्सा सहायक की पदोन्नति के संबंध में पद चिन्हांकित करते हुए पदोन्नति दिए जाने की मांग की। स्वास्थ्य विभाग बिल्हा में कार्यरत दिव्यांग कर्मचारी लखनलाल दुबे वाहन चालक के पद परिवर्तन एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र के संबंध में फर्जी शिकायतकर्ता एवं विभाग द्वारा लगातार नोटिस दिए जाने से अवगत कराया। सचिव ने इस मामले में संघ को कार्रवाई का भरोसा जताया।

मौके पर छग निशक्त शासकीय अधिकारी कर्मचारी कल्याण सघ के प्रदेश अध्यक्ष सीएम दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ रवि पटेल, प्रदेश कोषाध्यक्ष महेश साहू, डा. अमितेष ब्लाक अध्यक्ष मस्तूरी एवं लखन लाल दुबे ब्लाक अध्यक्ष बिल्हा मौजूद रहे।

छत्तीसगढ़ मध्याह भोजन एकता यूनियन ने गांधी मैदान में किया प्रदर्शन

## युक्तियुक्तकरण का विरोध, पचास प्रतिशत मानदेय में बढ़ोतरी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छत्तीसगढ़ मध्याह भोजन एकता यूनियन सीटू के सदस्यों ने गांधी मैदान में धरना प्रदर्शन कर युक्तियुक्तकरण एवं 50 प्रतिशत मानदेय बढ़ाने की मांग की है। सीटू के समीर कुरैशी एवं अनसुइया कंडरा ने बताया कि प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में मध्यान्ह भोजन बनाने वाली रसोईया एवं सहायिकाओं को मात्र 2000 रू के अल्प मानदेय में परिवार चलाना पड़ रहा है लेकिन राज्य शासन चुनाव पूर्व किये गये 50 प्रतिशत मानदेय बढ़ोतरी के वादे को भूल चुकी है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा धमतरी जिला सहित कुल 10,463 शालाओं का युक्युक्तिकरण किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन मजदूर एकता यूनियन की जिला समिति के निर्णय अनुसार 3 से 9 जुलाई तक विरोध सप्ताह के रूप में हड़ताल का आव्हान किया गया है। 3 जुलाई से 8 जुलाई तक धमतरी जिले की समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के रसोईया एवं सहायिकाऐं संकुल स्तरीय एवं जिला स्तरीय विरोध प्रदर्शन सुबह 10 बजे से 3 बजे तक करेंगी। 9 जुलाई को जिला स्तरीय आंदोलन गांधी मैदान में होगा। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम 11 सूत्रीय ज्ञापन पत्र अनुविभागीय दण्डाधिकारी को सौंपेंगे। 9 जुलाई तक धमतरी जिले की प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में कार्यरत रसोईया सहायिकाऐं हड़ताल पर रहेंगी। 10 जुलाई से पुनः स्कूलों में उपस्थित होकर मध्यान्ह भोजन का कार्य करेंगे।

मौके पर ललिता साहू, अहिल्या ध्रुव, सरला शर्मा, सीता साहू, नेमिन निषाद, सुनीती ध्रुव, अमरीका नगारची, बालाराम मरकाम, डीहूराम यादव, राधा दिली, रूक्मणि निषाद, उकेश्वरी साहू, समारी यादव, अमरीका नेताम, योगिता अंगारे, संध्या ध्रुव, हेमा नेताम, गायत्री यादव, लक्ष्मी पांडे, सरिता साहू, रितु यादव, सरस्वती साहू उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने सेवानिवृत्त 15 शासकीय सेवकों को प्रदान किया पेंशन प्राधिकार पत्र



**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने 30 जून 2025 को सेवानिवृत्त हुए जिले के 15 शासकीय सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने सेवानिवृत्त हुए सभी अधिकारी, कर्मचारियों को बधाई-शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ रहने की कामना की।

30 जून 2025 को सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों में प्रधानपाठक प्राथमिक स्कूल भागवत राम साहू, वीरेन्द्र कुमार साहू, तिहारू राम ध्रुव, प्रधानपाठक माध्यमिक शाला नवीन चन्द्राकर, रूपनारायण वर्मा, व्याख्याता सुखुराम छेदैहा, शैलेन्द्र कुमार तरार, चन्द्रहास सिन्हा, परसराम प्रीतम, श्रीमती मधु चन्द्राकर, उच्च श्रेणी शिक्षक श्रीमती सरिता चन्द्राकर, श्रीमती उषा जाचक, चिकित्सा अधिकारी डॉ.ठाकुर राम ध्रुव, आयुर्वेद फार्मासिस्ट रमेश कुमार नवरत्न और पर्यवेक्षक श्रीमती कमला यादव शामिल हैं।

## रथयात्रा पर प्रसादी का वितरण



**धमतरी।** रथयात्रा के अवसर पर कश्यप परिवार द्वारा भक्तों के लिये भंडारा का आयोजन किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी वितरण का लाभ लिया।

### प्रधानपाठक पद पर शीघ्र पदोन्नति की मांग



**धमतरी।** संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर राकेश कुमार पाण्डेय से शालेय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार पाण्डेय, छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक संघ के प्रांतीय सचिव रोहित साहू, चेतन साहू, दिलीप सन्हरा व ज्ञानेश्वर सिन्हा ने प्रधानपाठक माध्यमिक विद्यालय पद पर पदोन्नति की कार्रवाई शीघ्र प्रारंभ करने का निवेदन किया। संयुक्त संचालक ने प्रतिनिधिमंडल को जल्द ही पदोन्नति करने का आश्वासन दिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, मां मनोकामना देवी, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-[+ 5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2025
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
28 एवं 29 जुलाई 2025
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर में काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान त्र्यबंकेश्वर ज्योर्तिलिंग के विद्वान पंडितो के सान्निध्य में किया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपए
9993157703, 8319628583
9340292572, 9589261876

आपके बच्चों का पहला स्कूल
Aakriti Play School
ENGLISH MEDIUM
Play Group to Class - 8th
Regular Abacus Class
रूद्री रोड, कालिका मंदिर के पीछे, कर्मा चौक
धमतरी, मो.नं. 98264-32896

हाथ पैर में दर्द होना, जोड़ो में दर्द व सूजन, गठिया वात, साइटिका, झिनझिनी वात, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, अकड़न, नसरोग व लकवा रोग में
तुरंत आराम के लिए

| दवा का नाम | कीमत |
|---|---|
| 1. टेब. रुमारेक्स जी.एस.आर. | 30 टेब. का 700/- रु. |
| 2. टेब. कैल्सिओस्ट | 30 टेब. का 150/- रु. |
| 3. ऑइल स्नायुकल्प | 100 मिली का 250/- रु. |
| 4. चूर्ण नेचुरली | 100 ग्राम का 150/- रु. |
| | टोटल - 1220/- रु. |
| 5. अन्य : आर-फीट गोल्ड माल्ट | कीमत - 550/-रु. |

— दवाई मिलने का स्थान —
तुलसी आयुर्वेदिक दवा की दुकान
बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 10 से 5 बजे तक) मो. 9993010732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज